संख्या-41/2024/1365/18-2-2024-18-2002/2/2024

प्रेषक

पुष्पेंद्र सिंह
उप सचिव।
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 06 सितम्बर, 2024

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-25 में औद्योगिक आस्थानों में अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण हेतु बजट में व्यवस्थित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-293-97/औ0आ0-11/ बजट मांग/2024-25, दिनांक 12 अगस्त, 2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि औद्योगिक आस्थानों में अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राविधानित धनराशि रू0 4000.00 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि में से निम्नांकित विवरणानुसार तालिका के कालम-4 में अंकित लागत पर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करते हुये कालम3 में अंकित कार्यों हेतु उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम, कानपुर को कार्यदायी संस्था नामित करते हुये रू0 1092.81 लाख (रूपये दस करोड़ बानवे लाख इक्यासी हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत करते हुये आपके निवर्तन पर रखे जाने तथा उल्लिखित कार्यो पर व्यय किये जाने की मा0 राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

धनराशि लाख रूपये में

क0	औ0आ0 का नाम	प्रस्तावित कार्य	अनुमोदित लागत	कार्यदायी संस्था	स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	मिनी औद्योगिक आस्थान, वार, ललितपुर	आरसीसी सड़क, आरसीसी नाली, पार्क की बाउण्ड्रीवाल , रेट्रो का निर्माण कार्य	155.31	यू0पी0एस0आई0सी0	77.66
2	मिनी औद्योगिक आस्थान, सिसवा बुजुर्ग सेवरही, कुशीनगर	आरसीसी रोड एवं आरसीसी नाली, बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य	304.33	यू0पी0एस0आई0सी0	152.16
3	मिनी औद्योगिक	आरसीसी रोड एवं आरसीसी	281.14	यू0पी0एस0आई0सी0	140.57

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	आस्थान, सरगटिया करनपट्टी दुदही, कुशीनगर	नाली, बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य			
4	औद्योगिक आस्थान, नदवा विशुनपुर फाजिलनगर, कुशीनगर	आरसीसी रोड एवं आरसीसी नाली, बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य	338.10	यू0पी0एस0आई0सी0	169.05
5	मिनी औद्योगिक आस्थान, रेहारजंगल (सल्टौआ) बस्ती	आरसीसी रोड एवं आरसीसी नाली, आरसीसी पुलिया, एडीएम ब्लाक मरम्म्त, पार्क बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य	185.61	यू0पी0एस0आई0सी0	92.80
6	मिनी औद्योगिक आस्थान, पाऊं (बहादुरपुर) बस्ती	आरसीसी रोड एवं आरसीसी नाली, आरसीसी पुलिया, एडीएम ब्लाक मरम्म्त, पार्क बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य	242.60	यू0पी0एस0आई0सी0	121.30
7	मिनी औद्योगिक आस्थान, बोदावल (मुंडेरवा) बस्ती	आरसीसी रोड एवं आरसीसी नाली, आरसीसी पुलिया, एडीएम ब्लाक मरम्म्त, पार्क बाउण्ड्रीवाल एवं बाह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य	197.01	यू0पी0एस0आई0सी0	98.50
8	औद्योगिक आस्थान, राजापुर, खीरी	हाईमास्ट टावर हेतु	11.35	यू0पी0एस0आई0सी0	11.35
9	औद्योगिक आस्थान, बीकापुर, अयोध्या	सीसी रोड, इण्टरलाकिंग, बाउण्ड्रीवाल, नाली का निर्माण एव विद्युतीकरण के अधिष्ठापन कार्य	310.03	यू0पी0एस0आई0सी0	155.02
10	मिनी औद्योगिक आस्थान, परिसोहिया,	विद्युत संयोजन	36.17	पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0	18.09

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	रामनगर, बस्ती				
11	ग्रामीण औद्योगिक आस्थान, बांदा	झाि डयों की साप्सफाई, सौन्दर्यीकरण, सम्पर्क मार्ग में गेट व बोर्ड, स्टोर रूम एवं बाउण्ड्रीवाल आदि कार्य	65.32	यू0पी0एस0आई0सी0	32.66
12	मिनी औद्योगिक आस्थान, गंजडुण्डवारा, कासगंज	सीसी रोड, बाउण्ड्रीवाल, रेट्रोगेट रेनवाटर, हारवेस्टिंग का निर्माण कार्य	47.30	यू0पी0एस0आई0सी0	23.65
कुल योग- रू0 दस करोड़ बानवे लाख इक्यासी हजार मात्र					1092.81

2- उपर्युक्त निर्माण कार्य को अनुमोदित लागत में ही पूर्ण कराया जायेगा यदि लागत में वृद्वि होती है तो उसे कार्यदायी संस्था द्वारा अपने श्रोतों से वहन किया जायेगा। प्रस्तावित कार्य के ब्योरेवार नक्शे और अनुमान तैयार करके विस्तृत आगणन पर सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। तकनीकी अनुमोदन प्राप्त समस्त आगणनों की प्रति शासन को उपलब्ध करायी जायेगी। निर्माण कार्य समयबद्धता से कराया जायेगा तथा गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा।

3- कार्य की लागत के संबंध में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित दरें लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों शिड्यूल आफ रेट्स के अनुरूप हैं।

4- उपरोक्त आवंटित धनराशि का उपयोग केवल उल्लिखित मानक मदों पर ही किया जायेगा और किसी भी दशा में अन्य मदों में उपयोग नहीं किया जायेगा।

5- स्वीकृत धनराशि आहरित कर तत्काल कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी, कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्परीक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायं।

6- कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता का उत्त्रदायित्व आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन उ0प्र0, कानपुर का होगा तथा प्रशासकीय विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जायेगा। कार्य की गुणवत्ता का सत्यापन जिला स्तरीय तकनीकी समिति से संबंधित उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र द्वारा कराया जायेगा एवं आयुक्त एवं निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर सहित प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

7- आहरित धनराशि बैंक/पी0एल0ए0 या डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

8- स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

9- आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन उ0प्र0, कानपुर यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

10- उपरोक्त आवंटित धनराशि के सापेक्ष किये गये व्यय के नियंत्रण के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में मितव्ययिता सम्बन्धी जारी शासनादेशों का अनुपालन कड़ाई से किया जायेगा एवं अनावश्यक व्यय नहीं किया जायेगा। उपरोक्तानुसार होने वाले व्यय की सूचना निर्धारित प्रपत्र बी0एम0-13 पर नियमित रूप से शासन के सम्बन्धित अनुभागों को प्रतिमाह उपलब्ध कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का अनुपालन भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

11- उपरोक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुदान संख्या-3 के लेखाशीर्षक "4851-ग्राम तथा लघु उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-06-औद्योगिक आस्थानों में अवस्थापना सुविधाओं का उच्चीकरण-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

12- यह आदेश वित्त विभाग के वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में निहित व्यवस्था के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

पुष्पेंद्र सिंह
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा/लेखा एवं हकदारी) प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0,प्रयागराज।
2- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6
3- कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
4- निदेशक, वित्तीय एवं साख्यिकीय निदेशालय, 125, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- संबंधित कार्यदायी संस्था/संबंधित जनपदीय उपायुक्त उद्योग।
6- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-3/2 (गार्ड फाइल)।

आज्ञा से
पुष्पेंद्र सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।